हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 11 जनवरी 2026
सीहोर | भैरुंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

06 खाली प्लॉट में पनपा रहा डेंगू और मलेरिया का लार्वा...



09 डीजी जेल ने जिला जेल का निरीक्षण कर बंदियों के...



## खबर संक्षेप

### आज से होगा एसपीएल 2026 सीजन-7 ट्राफी

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व सचिव और क्लब के अध्यक्ष रहे स्व. प्रमोद पटेल की स्मृति में हर साल की तरह इस साल भी आईपीएल की तर्ज पर एसपीएल 2026 सीजन-7 का मेगा ऑक्शन का आयोजन मैदान पर किया गया था। अब रविवार को सुबह ग्यारह बजे जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय के मुख्य आतिथ्य में प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा। इस मौके पर विशेष अतिथि के रूप में कलेक्टर बाला गुरु के, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा सहित अन्य सीनियर खिलाड़ी और पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। शुभारंभ मौके पर शहर में समाजसेवा के अलावा अन्य जागरूकता अभियान में सदैव लोगों की मदद के लिए तत्पर रहने वाली संडे की सुकून टीम के सभी सदस्यों का सम्मान कार्यक्रम किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में चार टीम शामिल किया गया है। जिसमें कृष्णा ब्लास्टर, काका लायंस, क्रिसेंट वारियर्स और साइबेरियन पेंथर है। एसपीएल प्रतियोगिता का शुभारंभ रविवार को सुबह 11 बजे से किया जाएगा। काका की स्मृति में होने वाले इस प्रतियोगिता में चार टीम को शामिल किया गया है। मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि शहर सहित आस-पास के खिलाड़ियों को मंच दिया जाएगा।

### रुद्राक्ष महोत्सव की तैयारी : धाम के समीप ही बनेगा हैलिपेड, वीवीआईपी के आने पर नहीं बिगड़ेगी हाईवे की व्यवस्था

# कुबेरेश्वर धाम में सजेगा मिनी महाकुंभ, 20 एंबुलेंस और पहली बार 5 मोबाइल एंबुलेंस रहेंगी तैनात

17 फरवरी से रुद्राक्ष महोत्सव का भव्य आयोजन, एक ही मंच पर जुटेंगे पंडित प्रदीप मिश्रा और बागेश्वर सरकार, प्रशासन ने बनाई मिनी आईसीयू की रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कुबेरेश्वर धाम आगामी 17 फरवरी से ऐतिहासिक धार्मिकता का साक्षी बनने जा रहा है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विठ्ठलेश्वर सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित होने वाले 'रुद्राक्ष महोत्सव' का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश सहित देश भर से लाखों श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है। आयोजन की भव्यता को देखते हुए इस बार श्रद्धालुओं की सेहत और सुरक्षा पर सबसे ज्यादा जोर दिया जा रहा है। समिति और प्रशासन ने मिलकर स्वास्थ्य सेवाओं की खास व्यवस्था की है, जिसमें आपात स्थिति में मरीज को पांडाल के भीतर ही तत्काल इलाज मिल सकेगा।

विठ्ठलेश्वर धाम सेवा समिति के प्रवक्ता मनोज दीक्षित ने बताया कि आयोजन के दौरान लाखों की भीड़ के कारण अक्सर बड़े वाहनों का निकलना मुश्किल हो जाता है, इसी चुनौती से निपटने के लिए इस बार 20 एंबुलेंस की विशेष व्यवस्था की गई है। इनमें 15 फोर व्हीलर एंबुलेंस मुख्य मार्गों और पार्किंग स्थलों पर तैनात रहेंगी, जबकि 5 एंबुलेंस 'बाइक मोबाइल' के रूप में रहेंगी। ये बाइक एंबुलेंस संकरी गलियों और पांडाल के भीतर भीड़ के बीच से भी मरीज तक तेजी से पहुंच सकेंगी, जो सीधे मरीज को फोर व्हीलर एंबुलेंस तक पहुंचा सकेगी।



फाइल फोटो

### धाम पर मिनी आईसीयू, रेलवे स्टेशन पर डॉक्टरों की तैनाती

आयोजन को लेकर प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। बीते दिनों ही कलेक्टर बालागुरू ने आयोजन को लेकर विशेष बैठक ली। स्वास्थ्य सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए कलेक्टर बालागुरू के. ने कथा स्थल पर ही एक मिनी आईसीयू स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। यहां पर्याप्त दवाएं, ऑक्सीजन और जीवन रक्षक उपकरण मौजूद रहेंगे। साथ ही प्रवक्ता दीक्षित ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे स्टेशन पर भी डॉक्टरों की विशेष टीम 24 घंटे तैनात रहेगी।

### प्रदीप मिश्रा संग मंच साझा करेंगे बागेश्वर सरकार

इस बार का रुद्राक्ष महोत्सव एक और बड़े कारण से खास होने वाला है। आयोजन में सनातन धर्म के प्रखर ध्वजवाहक बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का आगमन हो रहा है। वह और पंडित प्रदीप मिश्रा एक साथ मंच साझा करेंगे। बता दें देश के दो बड़े कथा वाचकों को एक ही मंच पर देखने के लिए श्रद्धालुओं में भी उत्सुकता बनी हुई है। आयोजन की भव्यता को देखते हुए समिति ने भव्य और मजबूत डोम पांडाल तैयार किया गया है।

### ऑटो का किराया फिक्स, कंट्रोल रूम होगा स्थापित

कलेक्टर और एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने तैयारियों की समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं से ऑटो चालक अधिक वसूली न कर सकें, इसके लिए रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड से किराया निर्धारित किया जाएगा। साथ ही खाद्य सुरक्षा विभाग कथा स्थल के भोजन और पेयजल की नियमित जांच करेगा। पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे और एक आधुनिक कंट्रोल रूम के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी। 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति और चलित शौचालयों की पर्याप्त व्यवस्था रहेगी।

### धाम के समीप बनेगा हैलिपेड

विठ्ठलेश्वर सेवा समिति के प्रवक्ता मनोज दीक्षित ने बताया कि बीते आयोजन में हैलिपेड अल्हादाखेड़ी पर होता था, जिससे वीवीआईपी के आने के दौरान हाईवे पर अव्यवस्थाओं का आलम होता था, लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। आयोजन समिति की प्लानिंग के अनुसार इस बार हैलिपेड की व्यवस्था धाम के समीप ही की जा रही है, ताकि वीवीआईपी के आने पर इंदौर-भोपाल हाईवे पर ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित न हो।

### 15 जनवरी से रुद्राक्ष वितरण बंद, मार्च में होगा शुरू

प्रवक्ता दीक्षित ने बताया कि रुद्राक्ष महोत्सव के दौरान रुद्राक्ष का वितरण नहीं किया जाएगा। प्रवक्ता दीक्षित ने बताया कि आयोजन की तैयारियों को देखते हुए 15 जनवरी से रुद्राक्ष वितरण कार्य बंद कर दिया जाएगा, जो महोत्सव के बाद मार्च महीने में पुनः प्रारंभ होगा। प्रवक्ता दीक्षित ने बताया कि समिति का पूरा ध्यान भक्तों को सुलभ दर्शन, आवास और पेयजल उपलब्ध कराने पर है। 10 एकड़ में विशाल भोजनशाला का निर्माण भी किया जा रहा है।

## चोरों के हौसले बुलंद,एसडीएम और तहसीलदार सहित एक दर्जन घरों के चटकाए ताले

**सीहोर।** शहर में सुरक्षित मानी जाने वाली राजस्व कॉलोनी में चोरों ने बीती रात जमकर उत्पात मचाया। चोरों ने आरटीओ दफ्तर के पास स्थित इस पॉश कॉलोनी को निशाना बनाते हुए एसडीएम, तहसीलदार और अन्य राजस्व अधिकारियों सहित करीब एक दर्जन घरों के ताले चटका दिए। नए साल के दूसरे सप्ताह में हुई इस बड़ी वारदात से प्रशासनिक अमले और शहरवासियों में हडक़ंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार चोरों ने सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया। राजस्व कॉलोनी में रहने वाले कई बड़े अधिकारियों के सरकारी आवासों के ताले टूटे मिले। बताया जा रहा है कि चोरों ने उन घरों को विशेष रूप से निशाना बनाया जहां अधिकारी छुट्टी या किसी कार्यवश बाहर गए हुए थे। सुबह जब पड़ोसियों और कर्मचारियों ने दरवाजों के ताले टूटे देखे, तब चोरी की इस बड़ी घटना का खुलासा हुआ।

### साल की शुरुआत में ही पुलिस को चुनौती

बीते कुछ दिनों से शहर में चोरी की घटनाएं शांत थीं, जिससे लग रहा था कि अपराधों पर अंकुश लग गया है। लेकिन साल 2026 के दूसरे ही हफ्ते में चोरों ने एक साथ इतनी बड़ी वारदात कर पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। एक साथ 10 से 12 घरों के ताले टूटना इस बात का संकेत है कि चोरों का गिरोह काफी सक्रिय और बेखौफ है।

**जांच में जुटी पुलिस :** घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट की मदद से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरों का सुराग लगाया जा सके।

### पहले मैच में खटूश्याम व दूसरे मैच में विजय भाऊ इलेवन जीता

**सीहोर।** शनिवार को पहला मैच खाटूश्याम और आयुष क्लब के बीच खेला गया। आयुष क्लब ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 61 रन बनाये और खाटूश्याम ने इस लक्ष्य को 4 ओवर मे ही हासिल कर लिया। वहीं आज का दूसरा मैच विजयभाऊ इलेवन व टाईगर इलेवन के बीच खेला गया। एम्पायर पुष्पेन्द्र ने टॉस कराया, टास जीत कर विजयभाऊ इलेवन ने बेटिंग करते हुए, विजय यादव न 61 रन व गगन यादव ने 38 रन, अमर यादव न 2 रन व कपिल ने 10 रन बनाते हुए टीम का स्कोर 118 रन का विशाल लक्ष्य खड़ा किया और लक्ष्य का पीछा करने उतरी टाईगर इलेवन ने भी 85 रन बनाकर अपने घुटने टेक दिय और हार गई।स्थानीय पीजी कालेज ग्राऊंड पर माँ अन्नुपूर्णा टेन्ट हाऊस द्वारा कराई जा रही टेनिसबाल प्रतियोगिता अध्यक्ष चेम्पियन ट्राफी क्रिकेट टूर्नामेंट में अब तक 20 टीमें खेल चुकी है। आज के मैच में एम्पायरिंग कर रहे अक्षत व पुष्पेन्द्र ने बहतरीन डिसिजन लिया।

## खेलों में कॅरियर बनाने के लिए मोबाइल स्क्रीन छोड़कर मैदान पर आना ही होगा: सुदेश राय

### सांसद खेल महोत्सव के तहत पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

**सीहोर।** शासकीय मॉडल स्कूल में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुदेश राय ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों में करियर बनाने के लिए मोबाइल स्क्रीन छोड़कर मैदान पर पसीना बहाना होगा कड़ी मेहनत करनी होगी। खेल जीवन का अभिन्न अंग हैं। खेलों से अनुशासन, टीम भावना एवं नेतृत्व क्षमता का विकास होता है स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है।




कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह मेवाड़ा रहे जिला पंचायत सदस्य शंकर पटेल एवं राष्ट्रीय मानसिक पुनर्वास संस्थान के सहायक संचालक रामकुमार नागर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुश्री दीपा कीर आवासीय खेलकूद संस्थान के प्राचार्य आलोक शर्मा की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

विधायक सुदेश राय एवं अतिथियों ने कार्यक्रम का प्रारम्भ दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती पूजन के साथ किया। राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तथा सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत विद्यालय में आयोजित खेलों में जीतने वाले खिलाड़ियों को विधायक सुदेश राय ने शील्ड एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में उन विषय शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया जिनके विषयों में विद्यार्थी 100% पास में हुए।

पुरस्कार वितरण समारोह विद्यालय की प्राचार्य डॉ. मीता सक्सेना के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। समारोह के अन्त में वरिष्ठ शिक्षक श्री अभिषेक श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों एवं आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में शिक्षकगण महेश वर्मा, अभिषेक श्रीवास्तव, दिनेश वर्मा, हुकुम सिंह तोमर, महेश वर्मा, सत्यनारायण शर्मा, डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा, संजय इटावदिया, शैलेन्द्र सिंह चौहान, निमिता राय, उमा पण्डित, आनन्द चन्देल,विजय पटेल, कल्पना मेरावी, पूजा वर्मा, अंकित भार्गव, पवन मेवाड़ा, श्रुति गौतम, गिरिजेश विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा द्वारा किया गया।

## पुलिस की एकतरफा कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस मुखर, थाना कोतवाली पर लगाए पक्षपात के आरोप

### जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती बोले, अपराधियों पर एफआईआर से गुरेज नहीं, पर भाजपाई गुंडागर्दी पर पुलिस क्यों मौन

**सीहोर।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने पुलिस प्रशासन विशेषकर कोतवाली थाने की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन सत्ताधारी दल के दबाव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर जानबूझकर एकतरफा कार्रवाई कर रहा है, जबकि भाजपाई गुंडागर्दी की ओर आंखें मूंद ली गई हैं।




राजीव गुजराती ने कहा कि साल 2025 में पंकज शर्मा और अब नववर्ष 2026 की शुरुआत में ही एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर एफआईआर दर्ज करना पुलिस की पक्षपाती मानसिकता को बताता है। उन्होंने कहा हम गांधीवादी लोग हैं और हमें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। यदि हमारा कोई साथी (कांग्रेसी) अपराध करता है तो उस पर एफआईआर हो और न्यायालय सजा भी दे, हमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन सवाल यह है कि कोतवाली पुलिस के सामने भाजपा नेता जो सरेआम गुंडागर्दी कर रहे हैं उन पर कार्रवाई क्यों नहीं होती। उन्होंने कोतवाली थाने की इस एकतरफा कार्यप्रणाली को जनता के सामने लाने की अपील की।

### मनरेगा की 'हत्या' के शिल्पकार हैं शिवराज

पत्रकार वार्ता में राजीव गुजराती ने केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलकर विकसित भारत रोजगार और आजीविका मिशन करने की कड़ी निंदा की। उन्होंने इसका मुख्य जिम्मेदार केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को ठहराते हुए कहा कि नई नीति के तहत 60.40 के फंडिंग फार्मूले से मध्य प्रदेश पर सालाना 5000 करोड़ का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। उन्होंने कहा कि फसल के दौरान 60 दिनों का 'काम बंद' नियम मजदूरों को सस्ते में निजी खेतों में काम करने पर मजबूर करेगा, जिससे पलायन बढ़ेगा। गुजराती ने कहा कि मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाना भाजपा की सामंती और गांधी-विरोधी सोच का प्रमाण है।

### समस्याओं और भ्रष्टाचार पर होगा आंदोलन

जिलाध्यक्ष गुजराती ने शहर की स्थानीय समस्याओं पर भी प्रशासन को घेरा। उन्होंने कहा कि शहर में गंदे पानी की सप्लाई एक बड़ी समस्या है। नेता प्रतिपक्ष के साथ वे जल्द ही फिल्टर प्लांट और टंकियों का दौरा करेंगे। इसके अलावा उन्होंने पीजी कॉलेज के प्राचार्य द्वारा किए जा रहे कथित भ्रष्टाचार और इंदौर के भागीरथपुरा कांड को लेकर भी आंदोलन की रणनीति बनाने की बात कही। राजीव गुजराती ने चेतावनी दी कि अगर कोतवाली पुलिस ने अपनी कार्यप्रणाली नहीं सुधारी और कार्यकर्ताओं के खिलाफ दमनकारी नीति बंद नहीं की तो कांग्रेस सडक़ पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेगी।

### शहर के इतिहास में पहली बार काइट कार्निवल का आयोजन

# आसमान पर ड्रैगन, थ्रीडी और लाइटिंग पतंगों के साथ लाइव बैंड और गरबा की रहेगी धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के इतिहास में पहली बार महानगर की तर्ज पर रोटरी क्लब, इनर व्हील क्लब और रेडक्रास सोसाइटी के संयुक्त प्रयासों से शहर के चर्च ग्राउंड के समाने स्थित होटल डी मानक बाग पर एक दिवसीय काइट कार्निवल का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस महोत्सव में डैगन, थ्रीडी और लाइटिंग पतंगों के साथ लाइव बैंड और गरबा की धूम मचेगी। उक्त महोत्सव का आयोजन रविवार चार बजे किया जाएगा।

इस संबंध में रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय ने जानकारी देते हुए बताया कि संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाला यह एक दिवसीय काइट कार्निवल शहर के इतिहास में पहली बार पतंगबाजी का अनुभव लेकर आ रहा है। यह आयोजन न केवल मनोरंजन का साधन बनेगा, बल्कि शहर की सांस्कृतिक पहचान में एक स्वर्णिम अध्याय भी जोड़ेगा, जहाँ लाइव डीजे की गूँज के साथ उत्सव का उत्साह चरम पर होगा। गार्डन पर करीब 60 से अधिक स्टाल लगाए गए है। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आन लाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा थी, इसमें करीब 700 से अधिक पंजीयन कराए गए है। परम्पराओं के मध्य एक पारिवारिक महोत्सव है।



आज के डिजिटल युग में, जहां नई पीढ़ी मोबाइल और स्क्रीन की दुनिया में सिमट कर रह गई है, यह महोत्सव बच्चों को खुले आसमान के नीचे पारंपरिक भारतीय खेलों से जोड़ने का एक प्रयास है। माहौल को उत्सवमय बनाने के लिए केवल पतंगबाजी ही नहीं, बल्कि लाइव बैंड की प्रस्तुति, गरबा की पारंपरिक धुनें और ढोल-नगाड़ों की थाप भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

### मकर संक्राति के पहले हर साल किया जाएगा

रविवार को मकर संक्रांति के अवसर पर होटल डी मानक बाग में काइट कार्निवल का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन रोटरी क्लब, इनर व्हील क्लब एवं रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित होगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय ने बताया कि इसमें अब तक 25 सौ से अधिक लोगों की बुकिंग हो चुकी है, जिसमें लगभग 700 परिवार शामिल होंगे। इस काइट कार्निवल में भारतीय परंपराओं को ध्यान में रखते हुए मकर संक्रांति को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा, जिसमें पतंग प्रतियोगिता, भांगड़ा डांस, म्यूजिक, फन गेम्स एवं विविध फूड स्टॉल्स की आकर्षक व्यवस्था रहेगी। यह आयोजन हर वर्ष आयोजित किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह पूर्णतः पारिवारिक कार्यक्रम है, इसलिए केवल परिवार सहित आने पर ही प्रवेश दिया जाएगा।

### कोहरे का असर, 20 मीटर तक सिमटी नजर, दो दिन बाद लौटा कोहरा, न्यूनतम तापमान 8 डिग्री, मावठे की संभावना

**सीहोर।** जिले में दो दिन की राहत के बाद शनिवार को एक बार फिर घना कोहरा छा गया। सुबह के समय हालात ऐसे रहे कि दृश्यता घटकर महज 20 मीटर तक सिमट गई। भोपाल-इंदौर हाईवे पर भी कोहरे का असर साफ नजर आया, जहां वाहनों की हेडलाइटें धुंध में मुश्किल से दिखाई दे रही थीं। कोहरे की मोटी परत खेतों पर भी जमी रही। फसलों पर ओस की सफेद चादर बिछी दिखाई दी और पूरा इलाका धुंध और नमी की गिरफ्त में रहा। सुबह के समय जनजीवन प्रभावित रहा, खासकर हाईवे और ग्रामीण मार्गों पर वाहन रेंगते नजर आए।

### तापमान में 2 डिग्री की गिरावट

मौसम के लिहाज से शनिवार को जिले का न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शुक्रवार की तुलना में तापमान में करीब 2 डिग्री की गिरावट आई है। इससे ठंड का असर और बढ़ गया है। गौरतलब है कि जनवरी की शुरुआत में भी सीहोर में लगातार तीन दिन तक घना कोहरा छाया रहा था। इसके बाद कुछ दिनों तक मौसम साफ रहा, लेकिन शनिवार को फिर से कोहरे की वापसी हो गई। यह स्थिति सुबह कई घंटों तक बनी रही। मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर के अनुसार, हवाओं की दिशा दक्षिण-पूर्व की ओर हो गई है। इसी कारण आने वाले दिनों में मावठे यानी शीतकालीन वर्षा की संभावना बन रही है।

खबर संक्षेप



### किसान स्वराज संगठन ने किया थाना प्रभारी का सम्मान

**रेहटी।** किसान की महीनों की मेहनत पर उस वक्त संकट आ गया जब फसल तुलाई के दौरान अज्ञात चोरों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित धान से भरी फसल चोरी कर ली। घटना से किसान परिवार सदमे में आ गया और आजीविका पर संकट के बादल छा गए। मामले की सूचना मिलते ही रेहटी थाना प्रभारी राजेश कुहार ने गंभीरता दिखाते हुए तत्काल कार्रवाई शुरू की। पुलिस टीम ने दिन-रात एक कर महज तीन दिनों के भीतर चोरी गई ट्रैक्टर-ट्रॉली व फसल को बरामद कर किसान को राहत दिलाई। पुलिस की इस संवेदनशील और त्वरित कार्रवाई से न सिर्फ किसान का विश्वास लौटा, बल्कि क्षेत्र के किसानों में भी सुरक्षा का भरोसा मजबूत हुआ। इस सराहनीय कार्य के लिए किसान स्वराज संगठन, ब्लॉक इकाई रेहटी द्वारा थाना प्रभारी राजेश कुहार का आभार सम्मान करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। संगठन ने इसे किसान हित में पुलिस की जिम्मेदार और मानवीय भूमिका बताया। किसान स्वराज संगठन ने आशा जताई कि भविष्य में भी इसी तरह की तत्परता और संवेदनशीलता से किसानों को न्याय और सुरक्षा मिलती रहेगी।

### पानी की निकासी के इंतजाम नहीं होने से प्लॉटों में जमा रहता है गंदा पानी, बदबू के कारण रहवासी परेशान

# खाली प्लॉट में पनप रहा डेंगू और मलेरिया का लार्वा, दूषित पानी से हो रहे जल स्त्रोत रिचार्ज

18 जनवरी को केशव बस्ती में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन वार्ड क्रमांक 14 स्थित शुभम स्कूल के पास प्रस्तावित है। आयोजन स्थल के सामने ही खाली प्लॉटों में काई, गंदगी और दूषित पानी जमा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा







नगर की कई आवासीय कालोनियों में वर्षों से खाली पड़े प्लॉट अब जनस्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं। इन खाली प्लॉटों में बरसात का पानी जमा होने से जहां घनी झाड़ियां और जीव-जंतु पनप रहे हैं, वहीं मच्छरों की भरमार से डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। हालात यह हैं कि अब इन प्लॉटों में जमा दूषित पानी का असर आसपास के घरों में लगे निजी नलकूपों पर भी पड़ रहा है, जिससे लोगों के घरों में गंदा और बदबूदार पानी पहुंच रहा है। इसका सबसे ज्यादा असर बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर देखा जा रहा है।

#### 2400 स्कूली बच्चों पर मंडरा रहा खतरा

नगर के वार्ड क्रमांक 14 में शुभम स्कूल 1070 और विद्यासागर स्कूल 1300 के लगभग छात्र, छात्राएं पढ़ाई कर रहे हैं। दोनों स्कूलों के समीप स्थित खाली प्लॉटों की स्थिति सबसे ज्यादा चिंताजनक है। इन दोनों स्कूलों में पढ़ने वाले लगभग 2400 बच्चों सहित सैकड़ों रहवासी लंबे समय से परेशानी झेल रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षों से इन प्लॉटों में बारिश का पानी जमा रहता है, जिसकी सफाई कभी नहीं कराई गई। इसी पानी में मच्छर पनपते हैं और स्कूल आने-जाने वाले बच्चों के साथ-साथ आसपास के नागरिक बीमार पड़ रहे हैं।

**नलकूप और नर्मदा लाइन से भी गंदा पानी :** वार्ड क्रमांक 14 निवासी ऊषा यादव ने बताया कि उनके घर के निजी नलकूप से लगातार दूषित पानी आ रहा है। पानी पीने से गले में खराश, खांसी और अन्य समस्याएं हो रही हैं। यही नहीं, नर्मदा पाइप लाइन से आने वाले पानी में भी पाउडर मिला हुआ प्रतीत हो रहा है, जिससे लोगों की चिंता और बढ़ गई है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो गंभीर बीमारियों का प्रकोप फैल सकता है।

#### हिंदू सम्मेलन से पहले स्वच्छता पर सवाल

18 जनवरी को केशव बस्ती में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन वार्ड क्रमांक 14 स्थित शुभम स्कूल के पास प्रस्तावित है। आयोजन स्थल के सामने ही खाली प्लॉटों में काई, गंदगी और दूषित पानी जमा है। ऐसे में स्वच्छता और स्वास्थ्य को लेकर प्रशासन की तैयारियों पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

#### जेल स्टाफ ने भी की शिकायत

नगर की उप जेल के स्टाफ ने निजी नलकूप से आ रहे दूषित पानी को लेकर नगर परिषद भैरूंदा में लिखित शिकायत दी है। साथ ही नर्मदा पाइप लाइन कनेक्शन की मांग भी की गई है। स्टाफ का कहना है कि दूषित पानी से न केवल उनके परिवार बल्कि जेल में निरुद्ध कैदियों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

#### नपा ने माना समस्या, कार्रवाई का आश्वासन

नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से निजी नलकूपों से शुरुआती 10 मिनट तक गंदा पानी आने की शिकायतें मिल रही हैं। नगर में कई खाली प्लॉटों में बारिश का पानी जमा है, जिससे यह स्थिति बन रही है। प्लॉट मालिकों को नोटिस जारी किए गए हैं और जल्द ही जुर्माना वसूलते हुए कार्रवाई की जाएगी। सीएमओ राम प्रसाद भावरे ने कहा कि खाली प्लॉट मालिकों को नोटिस दिए जा चुके हैं। शीघ्र ही सफाई कार्य कराया जाएगा और नियमों के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई होगी। नर्मदा पाइप लाइन के पानी की गुणवत्ता की जांच कराई जाएगी और रिपोर्ट के आधार पर पाउडर की मात्रा नियंत्रित की जाएगी।

## श्रीराम बस्ती व बोरखेड़ा मंडल में आज होगा हिन्दू सम्मेलन का शंखनाद




**भैरुंदा** । संघ के शताब्दी वर्ष पर जिले में सकल हिंदू समाज के सम्मेलन हो रहे हैं। इसी क्रम भैरुंदा नगर की श्रीराम बस्ती एवं बोरखेड़ा मंडल मे 11 जनवरी को दोपहर 2 बजे सुदामा पैलेस भैरुंदा व बोरखेड़ा मंडल मे सुबह 10 बजे हाई स्कूल बोरखेड़ा मे होगा,इस बोरखेड़ा मंडल के अंतर्गत सात गांव आते है। भैरुंदा की श्रीराम बस्ती मे लगभग 5 हजार आवादी वाला क्षेत्र है।हिन्दू सम्मेलन को लेकर गांव व बस्तीयों के निवासरत बहुत उत्साहित है। समिति के अध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा हिन्दू सम्मेलन के निमित्त जन जागरण कार्यक्रम पिछले एक महीने से चल रहे है जिसमे मातृशक्तियों द्वारा मंदिरो मे भजन कीर्तन व हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ कराया और रात्रि कालीन संकीर्तन यात्रा प्रतिदिन हुई। हिन्दू सम्मेलन मे प्रत्येक घर मे पीले अक्षत व भारत माता का चित्र देकर निमंत्रण दिया है जिसमे सपरिवार आने का आव्हान किया गया है। सम्मेलन का उद्देश्य हिन्दू समाज मे सामाजिक समरसता बढ़ाना,सद्भाव और समाज के सभी वर्गो को राष्ट्र निर्माण से जोड़ना है और संगठन की भावना को मजबूत करना करना है। कार्यक्रम भारत माता की आरती व समरसता भोजन के बाद समापन होगा।

### हिन्दू सम्मेलन का भूमि पूजन किया गया, नगर में निकली बाइक रैली



**रेहटी।** संपूर्ण भारत वर्ष में हिंदू समाज को संगठित करने के लिए हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। नगर रेहटी में 18 जनवरी को हिन्दू सम्मेलन का आयोजन होना है। आज नगर रेहटी में ₹हिंदू सम्मेलन₹ से संबंधित कार्यक्रमों का शुभारंभ हुआ। रेहटी नगर में नगर वासियो के द्वारा बाइक रैली निकाली गयी। बाइक रैली गाँधी चौक से नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई कार्यक्रम स्थल श्री कृष्णा वाटिका गार्डन पहुंची। वहाँ पहुँचकर लोगो ने भारत माता की जय और जय श्रीराम के जयकारे लगाए। इसके पश्चात भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर भारी मात्रा में जनमानस उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पूजन के पश्चात ग्राम बीजला (तह. भेरोंदा) से आये सोलंकी जी ने नगर वासियो को सम्बोधित किया। उन्होंने नगर के लोगों से कहा की हमें हिन्दू एकता को बढ़ाने के लिए हिन्दू सम्मेलन को सफल बनाना है इसके लिए कार्यक्रम में प्रत्येक हिन्दू की सहभागिता होनी चाहिए और 18 जनवरी को होने वाले हिन्दू सम्मेलन से पूर्व होने वाले विभिन्न कार्यक्रमो से नगर में हिंदुत्व की भावना का संचार होना चाहिए। कार्यक्रम के पश्चात नगर वासियों ने हिन्दू सम्मेलन को सफल बनाने का संकल्प लिया और कार्यक्रम का समापन किया।

### ऑल इंडिया राष्ट्रीय सिविल सर्विस टेबल टेनिस चैम्पियनशिप के लिए डॉ. सोनल डागा का चयन



**सीहोर।** आगामी 12 से 16 जनवरी तक चंडीगढ़ में आयोजित होने वाली ऑल इंडिया सिविल सर्विस टेबल टेनिस चैम्पियनशिप में राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने हेतु मध्यप्रदेश की टीम का चयन किया गया है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में सीहोर जिला चिकित्सालय की डॉ. सोनल डागा (दंत चिकित्सक एवं आयुष्मान मेडिकल कोऑर्डिनेटर) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर स्थान प्राप्त किया है।

राज्य स्तरीय चयन प्रतियोगिता का आयोजन 3 एवं 4 जनवरी को टीटी नगर स्टेडियम, भोपाल में किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के खिलाड़ियों के बीच कड़ा एवं रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। डॉ. सोनल डागा ने अपने शानदार खेल कौशल, तकनीकी दक्षता और निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर फाइनल तक पहुँचकर राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के लिए अपना चयन सुनिश्चित किया।

चंडीगढ़ में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में डॉ. सोनल डागा मध्यप्रदेश महिला टीम की ओर से राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। वे स्वास्थ्य विभाग, मध्यप्रदेश से सिविल सर्विस टेबल टेनिस में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने वाली एकमात्र महिला खिलाड़ी हैं, जो न केवल सीहोर जिले बल्कि पूरे विभाग के लिए गौरव का विषय है।

### विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता: विज्ञान, गणित, पर्यावरण पर बनाए मॉडल छात्र-छात्राओं ने दिखाए अपने हुनर



**सीहोर।** शासकीय सुभाष हायर सेकेण्डरी स्कूल में विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी सहित कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें विज्ञान ,गणित, पर्यावरण एवम सामाजिक विज्ञान विषय पर बनाए मॉडल का प्रदर्शन किया गया। कक्षा 6 से 8 के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रदर्शनी में शिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रोजेक्ट मॉडल बनाए गए । साथ ही अन्य विधाओं में लघु नाटक प्रतियोगिता में पर्यावरण संरक्षण, सम्राट अशोक के त्याग विषयों पर आधारित नाटकों का मंचन भी किया गया। एकल गायन की प्रस्तुति भी दी गई । जबकि प्लास्टिक प्रदूषण विषय पर सेमिनार में बच्चों ने अपने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परियोजना समन्वयक आरआर उइके प्राचार्य आशीष शर्मा, बीआरसीसी अशोक वर्मा ने किया गया। जिला परियोजना समन्वयक आर .आर. उईके ने जीवन में निरंतर प्रगति करने के लिए टिप्स दिए और छात्र छात्राओं द्वारा बनाए गए उत्कृष्ट मॉडल की प्रशंसा की। प्रतियोगिता के समापन पर बच्चों के बनाए शानदार प्रोजेक्ट का अवलोकन एवम मूल्यांकन निर्णायक मंडल ने किया। सभी वर्ग में छात्र-छात्राओं को प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार प्रदान किए गए। विजेता छात्र छात्राएं अपनी अपनी विधा में जिला स्तर पर भाग लेंगे।कार्यक्रम का सफल संचालन प्रदीप नागिया ने किया एवं आभार अमिता आहूजा ने व्यक्त किया।इस अवसर पर प्राचार्य आर सी राठौर, बीएसी, हेमलता सेंगर, बीएसी अमिता आहूजा, बीएसी जीआर विश्वकर्मा, गायत्री श्रीवास्तव, रश्मि मालवीय, प्रतिभा यादव, दीपक बिसोरिया, हेमंत मालवीय, विनोद सैनी, विनोद गुप्ता, रघुनाथ मेवाड़ा सहित जनशिक्षक एवं ब्लॉक की शालाओं के शिक्षक और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### नर्मदा तट पर पौधरोपण, दादा गुरु के सान्निध्य में रोपा गया हरित संकल्प




**भैरूंदा।** पर्यावरण संरक्षण और मातृभाव के संदेश को सशक्त करते हुए "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के अंतर्गत मां नर्मदा के पावन तट पर पौधरोपण किया गया। यह आयोजन मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा चयनित नवांकुर योजना के तहत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति नीलकंठ के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान 1900 दिनों से अखंड निराहार साधना कर रहे परम पूजनीय दादा गुरु के दर्शन का सौभाग्य उपस्थित जनों को मिला। दादा गुरु के आशीर्वाद से मां नर्मदा के तट पर पांच पौधों का रोपण किया गया। पौधों का विधिवत पूजन स्वयं दादा गुरु द्वारा किया गया, जिसके पश्चात पौधरोपण संपन्न हुआ। इस अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक हरिराम अहिरवार, नवांकुर संस्था राला से आनंद यादव, राहुल गुप्ता, विनोद पंवार, अंकित गुप्ता, अंकित पंवार, राहुल पंवार, कमलेश पंवार, गोविंद पटेल, अभिषेक राजपूत, राला के सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप बजाज, नीलकंठ समिति के सरपंच संतोष वर्मा, सचिव दिनेश वर्मा, सतीश वर्मा, उत्तम सिंह राजपूत सहित अनेक कार्यकर्ता व ग्रामवासी उपस्थित रहे। आसपास की समितियों का भी सहयोग प्राप्त हुआ। नवांकुर संस्था रिठवाड़ की नर्सरी से पौधों की उपलब्धता के लिए केशव सिंह राजपूत का विशेष सहयोग रहा। दादा गुरु ने उपस्थित जनों से परिक्रमा पथ पर अधिकाधिक पौधे लगाने तथा कम से कम अपने परिवार के लिए जैविक खेती अपनाने का आह्वान किया।

### निर्माण एजेंसी के ढुलमुल रवैए के चलते ग्रामीणों को हो रही परेशानी

# चंदेरी-बिलकिसगंज सड़क निर्माण से क्षेत्र में हो रहा वायु प्रदूषण, धूल के गुबार बना रहे बीमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सड़क निर्माण से वायु प्रदूषण और बीमारी की शिकायत ग्रामीणों ने भोपाल जाकर मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री पीडब्ल्यूडी मंत्री मुख्य सचिव मानव अधिकार आयोग प्रदूषण बोर्ड से की।

सीहोर-चंदेरी बिलकिसगंज सड़क निर्माण से हो रहा है धूल एवं प्रदूषण से ग्रामीण जनता बीमार हो रही है, सड़क निर्माण में पुराने डामर को उखाड़ कर नया डामरीकरण में मिक्स कर घटिया निर्माण करने की शिकायत भी की गई है। चंदेरी बिलकिसगंज क्षेत्र में चल रहे सीहोर बिलकिसगंज सड़क निर्माण कार्य के कारण वायु प्रदूषण गंभीर समस्या बन गई है। खुदाई मलबे में भारी वाहनों की आवा जावी से उडने वाली धूल से पूरे इलाके में प्रदूषण कर दिया है, जिससे लोगों को सांस लेने में परेशानी हो रही है ।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार दिनभर उड़ती धूल से कारों एवं दुकानों पर धूल की मोटी परत जम जाती है। धूल के कारण खासकर बच्चे बुजुर्गों को दमा व सांस संबंधित रोगों से पीड़ित लोग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। कई लोगों को खांसी ,आंखों में जलन, सांस फूलने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। कई ग्रामीण जन बीमार हो गए हैं। विगत कई महीनों से यह समस्या ग्रामीण जन झेल रहे हैं। कई दिनों से रोड खुदा पड़ा है, परंतु पिछले कई दिनों से निर्माणधीन रोड पर पानी नहीं डाला गया है ना ही निर्माण स्थल पर धूल नियंत्रण का आवश्यक उपाय किया जा रहे हैं। पानी का छिडक़ाव प्रतिदिन नियमित रूप से नहीं हो रहा है। पर्यावरण विशेषज्ञ ने चेतावनी दी है कि लंबे समय तक इस तरह से प्रदूषण के संपर्क में रहने से स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। स्थानीय नागरिकों द्वारा निर्माण एजेंसी संबंधित विभाग से मांग की गई की सड़क निर्माण कार्य पर्यावरण नियमों का शक्ति से पालन कराया जाए। परेशान व आक्रोशित लोगों ने विभाग के चीफ इंजीनियर से शिकायत की है कि सीहोर जिले के पीडब्ल्यूडी विभाग, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री की मनमानी के कारण जनता परेशान है उनका फोन तक नहीं उठाते।

प्रदूषण बोर्ड के अधिकारियों ने आश्वस्त किया है कि कि तत्काल दोशियों पर कार्यवाही की जावेगी। उपमुख्यमंत्री डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ल ने भी कार्यवाही करने का ग्रामीण जनों को आश्वासन दिया है एवं मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष आयुक्त प्रताप सिंह द्वारा भी कार्यवाही करने का आश्वासन ग्रामीण जनता को दिया है। साथी ही पीडब्ल्यूडी कार्यपालन यंत्री अहिरवार के खिलाफ शीघ्र कार्यवाही कर सम्बंधित दोषी अधिकारियों पर कार्रवाही करने के आश्वासन ग्रामीण जनता को दिया है। इस मौके पर किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा, ग्राम बिलकिसगंज से प्रीतम मेवाड़ा, प्रदीप मेवाड़ा, बने सिंह मेवाड़ा सहित ग्रामीण जन एवं किसान मौजूद रहे।

### हिंदू सम्मेलन की तैयारी जोरों पर, घर-घर बांटे पीले चावल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बुधनी



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सकल हिंदू समाज के तत्वाधान में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन 12 जनवरी को नगर के दशहरा मैदान पर आयोजित किया जा रहा है जिसके लिए हिंदू समाज के कार्यकर्ता घर-घर जाकर सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने के लिए पीले चावल भारत माता का कैलेंडर एवं कार्यक्रम का आमंत्रण भेंट कर रहे हैं।


नगर के आम नागरिकों द्वारा कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन करते हुए धन सहयोग एवं कार्यक्रम में उपस्थित होने का आश्वासन दिया जा रहा है कार्यकर्ता घंटा शंख बजाकर पिछले एक सप्ताह से निरंतर जागरण कर रहे हैं तथा प्रचार वाहन द्वारा भी प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

11 जनवरी को अवधूत दादा गुरु महाराज जो निरंतर 5 वर्षों से नर्मदा जल का सेवन कर नर्मदा बचाओ पर्यावरण बचाओ आंदोलन के तहत पांचवीं बार परिक्रमा अपने हजारों श्रद्धालुओं के साथ दशहरा मैदान पर आ रहे हैं जिनके स्वागत के लिए नगर की जनता पूरे उत्साह के साथ तैयारी में जुटी हुई है आयोजकों द्वारा नगर एवं क्षेत्र की जनता से इस आयोजन में सपरिवार उपस्थित रहकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की जा रही है।

### जेल कॉलोनी के आवासों की मरम्मत का प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश

# डीजी जेल ने जिला जेल का निरीक्षण कर बंदियों के साथ किया सीधा संवाद

**जेल में बंदियों को दी जा रही सुविधाओं, स्वास्थ्य इत्यादि के संबंध में प्राप्त की जानकारी**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

प्रदेश के जेल महानिदेशक वरुण कपूर शुक्रवार को जिले के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे। इस दौरान सर्वप्रथम उन्होंने जिला जेल का निरीक्षण करते हुए जेल परिसर की व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। जिला जेल के निरीक्षण के दौरान कपूर ने बंदियों से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याओं व आवश्यकताओं की जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने बंदियों से खान-पान की गुणवत्ता, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाओं एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की और व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश अधीनस्थों को प्रदान किए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला कैदियों से विशेष संवाद किया तथा उनके अपराध संबंधी स्थिति, स्वास्थ्य, भोजन व्यवस्था एवं बच्चों की देखभाल को लेकर जानकारी प्राप्त की। उन्होंने महिला कैदियों के बच्चों की सुविधा हेतु साइकिल उपलब्ध कराने के निर्देश जेल अधीक्षक को प्रदान किए जिससे बच्चों को शिक्षा एवं दैनिक आवागमन में सुविधा मिल सके। इसके साथ ही छोटे बच्चों के मनोरंजन हेतु खिलौने इत्यादि भी बढ़ाने के निर्देश उन्होंने प्रदान किए।

#### बंदियों के अधिकारों के प्रति सजग रहने दिए निर्देश

साथ ही जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि बंदियों के मानवीय अधिकारों, स्वास्थ्य एवं पुनर्वास से जुड़े सभी पहलुओं पर विशेष संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी भी उपस्थित रहे। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था एवं अनुशासनात्मक पहलुओं की जानकारी साझा की।

#### जेल आवास की मरम्मत हेतु स्टीमेट तैयार कर भेजें

मुख्यालय स्थित जिला जेल से सटी हुई जेल कॉलोनी के जर्जर आवासों को देखकर डीजी श्री कपूर ने आवासों की मरम्मत हेतु आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर जेल मुख्यालय भेजने के निर्देश जेल अधीक्षक आलोक वाजपेयी को प्रदान किए। इसके साथ ही कॉलोनी में बच्चों के खेलने हेतु खेल मैदान का स्टीमेट तैयार करने के निर्देश भी उन्होंने दिए हैं। उल्लेखनीय है कि जेल कॉलोनी के शासकीय आवास सालों पुराने हो चुके हैं। ऐसे में उनकी मरम्मत या नवीन आवासों का निर्माण अत्यावश्यक हो चुका है।

#### पुरातात्विक धरोहरों, बांध का भी किया अवलोकन

जेल निरीक्षण के उपरान्त महानिदेशक श्री कपूर ने मुख्यालय स्थित पुरातात्विक धरोहरों राजमहल, बड़ा महल आदि का भी अवलोकन किया। इसके साथ ही वे जिले की वृहद सिंचाई परियोजनाओं में शुमार मोहनपुरा बांध को देखने भी पहुंचे।

---


### अब डीएच में पदस्थ सर्जन डॉ. खत्री रायसेन स्थानांतरित

# बढ़ाने की बजाय कम किया जा रहा जिला चिकित्सालय का स्टाफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पूर्व से चिकित्सकों सहित अन्य स्टाफ की कमी से जूझ रहे राजगढ़ जिला अस्पताल में रिक्त पदों की पूर्ति की बजाय लगातार स्टाफ कम किया जा रहा है। कल शुक्रवार को लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी एक आदेश के तहत जिला चिकित्सालय में पदस्थ शल्यक्रिया विशेषज्ञ(सर्जन) डॉ. दिनेश खत्री का स्थानांतरण बतौर रायसेन सीएमएचओ कर दिया गया।

ऐसे में एक और चिकित्सक की कमी जिला चिकित्सालय में पदस्थ डॉक्टर्स में कर दी गई। जबकि, सर्जन सहित अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों के पद पूर्व से रिक्त चल रहे हैं। ऐसे में लगातार किए जा रहे इन तबादलों से स्वास्थ्य सेवाओं में कहीं न कहीं कम देखने मिलेगी। इसके पूर्व डॉ. नितिन पटेल का स्थानांतरण राजगढ़ से अन्य जिले में किया गया था। इसके साथ ही नवीन पदस्थापना के तहत पदस्थ कई चिकित्सक ऐसे भी हैं जो ज्वाईनिंग उपरान्त जिले में नजर ही नहीं आए हैं।



संचालनालय लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा,
जय प्रकाश चिकित्सालय परिसर
भोपाल, मध्यप्रदेश

क्र./01 जी/विज्ञप्त/सेल–05/2025/25 — भोपाल, दिनांक 09/01/2026

—:: आदेश ::—

प्रशासकीय कार्य सुविधा की दृष्टि से डॉ. दिनेश खत्री, शल्यक्रिया विशेषज्ञ, जिला चिकित्सालय राजगढ़ को एतद् द्वारा, तत्काल प्रभाव से अन्य आगामी आदेश तक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला–रायसेन के प्रभार में पदस्थ किया जाता है।
"आयुक्त, लो.स्वा. एवं चिकि. शिक्षा द्वारा अनुमोदित"

(डॉ.राजू निदारिया)
वरिष्ठ संयुक्त संचालक (विज्ञप्त)
लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा
मध्यप्रदेश

पृ0क्र./01 जी/विज्ञप्त/सेल–05/2026/25 — भोपाल, दिनांक 09/01/2026
प्रतिलिपि:– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–
01 प्रमुख सचिव, म0प्र0शासन,लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल,म0प्र0।
02. आयुक्त स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मध्यप्रदेश, भोपाल।
03. मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, भोपाल म.प्र.।
04. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, "निरामयम" आयुष्मान भारत योजना, भोपाल, म.प्र.।
05. संचालक राजपत्रित/संचालक अराजपत्रित स्थानीय कार्यालय।
06. विशेष सहायक,मान.उप मुख्यमंत्रीजी म0प्र0शासन,लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल,म0प्र0।
07. विशेष सहायक,मान.राज्यमंत्रीजी म0प्र0शासन,लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल,म0प्र0।
08. क्षेत्रीय संचालक, स्वास्थ्य सेवायें, भोपाल संभाग भोपाल म0प्र0।
09. कलेक्टर जिला राजगढ/रायसेन म.प्र.।
10. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला– राजगढ/रायसेन म0प्र0।
11. सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला– राजगढ/रायसेन म.प्र.।
12 उप संचालक, समन्वय शाखा की ओर नॉनिट ए प्रकरण (130/CMS/NMB/2025 15/12/2025(A–) विलोपित किये जाने हेतु प्रेषित।
13. जिला कोषालय अधिकारी जिला– राजगढ/रायसेन म.प्र.।
14. संबंधित अधिकारी की ओर तत्काल पालनार्थ म0प्र0।
15. प्रभारी एम0आई0एस0,स्थानीय कार्यालय, भोपाल म0प्र0।
16. आदेश नस्ती।

वरिष्ठ संयुक्त संचालक (विज्ञप्त)
लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा,
मध्यप्रदेश

#### ग्रामीण क्षेत्रों में भी बुरे हाल

जिला चिकित्सालय के साथ ही सिविल अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में पदस्थ स्टाफ की बात करें तो वहां भी पदों की पूर्ति अर्से से नहीं की गई है। सिविल अस्पतालों में कई चिकित्सकों व नर्सिंग स्टाफ के पद सालों से रिक्त पड़े हुए हैं। इसके साथ ही ग्रामीण केंद्रों पर भी स्टाफ की कमी बनी हुई है।

---

## कोटवार संघ ने विधायक को ज्ञापन दिया



**जीरापुर।** स्थानीय ग्राम कोटवार ,चैकीदार संघ द्वारा विधायक को ज्ञापन देकर अपनी दो सुत्रिय मांगो को पूरी कराने की मांग की। कोटवार संघ तहसील अध्यक्ष मांगीलाल शर्मा एवं सचिव शिवपुरी गोस्वामी ने विधायक हजारीलाल दांगी को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया कि कोटवारों को पुर्व में कोटवार ड्रेस (वृदी) की राशि बैंक खाते में जमा की जाती थी इससे कोटवार द्वारा खांकी रंग की वर्दी अपने-अपने नाप अनुसार सिलवा कर पहन जाती थी उसी को धारण कर ड्यूटी की जा रही थी। लेकिन विगत वर्ष गुणवत्ताहिन किस्म की एक ही नाम की वर्दी दी गई जिससे किसी भी कोटवार ने वर्दी नहीं पहनी एवं राशि खाते में जमा करने की मांग की बैंक खाते में वर्दी की राशि डलवाई जाए तथा मध्य प्रदेश शासन आदेश अनुसार प्रतिवर्ष वेतन वृद्धि 500 जनवरी माह से लागू की जाए यह मांग रखी गई जहां पर कोटवार संघ सदस्य सीताराम मालाकार , बजरंग बैरागी , इंदरसिंह , अजमल , मोहनलाल वर्मा , देवीलाल , रामबाबू , देवीसिंह , लक्ष्मीनारायण , विष्णु , रघुनाथ सहित अन्य कोटवार मोजूद रहें।

---

### नशा मुक्ति का लिया संकल्प


## कॉलेज में युवा दिवस पर रोजगार मेले को लेकर विशेष आयोजन



**सारंगपुर ।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय सारंगपुर में शुक्रवार को युवाओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए रोजगार मेले में पंजीयन हेतु विशेष विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया साथ ही नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत शपथ ग्रहण कार्यक्रम एवं जन जागरूकता रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी माँ सरस्वती एवं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम मुख्य वक्ता के रूप में विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल उपस्थित रहे । 12 जनवरी युवा दिवस पर लगने वाले रोजगार मेले में पंजीयन हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया ।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ममता खोईया ने रोजगार मेले की उपयोगिता पर प्रकाश डाला । मुख्य वक्ता ने कहा कि रोजगार मेला युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का सशक्त माध्यम है । रोजगार मेले में 110 कम्पनी जिसमे टाटा भी शामिल है अपना स्टाल लगाने वाली हैं स्थानीय जन को अधिक से अधिक अवसर प्राप्त हो इस उदेश्य से इतने वृहद रोजगार मेले का आयोजन हमारे शहर में मंत्री डॉ गोतम टेटवाल के प्रयासों से होने जा रहा हैं। नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत उपस्थित सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को नशे से दूर रहने और समाज को नशा मुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई। इसके पश्चात महाविद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में जन जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान युथ रेड क्रॉस प्रभारी धर्मेंद्र कुमार खैरवार , प्रभारी डॉ अरुणा सोलंकी,डॉ विमल लोदवाल, प्रो संगीता गुप्ता, डॉ अर्चना वर्मा, डॉ मो वसीम शेख दीपिका जोशी, सोनम करोड़यि, डॉ दीप्ती सिसोदिया, भगवान सिंह पाटीदार अन्य स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में सभी का सराहनीय योगदान रहा।

---

## ...तो सोमवार से हड़ताल पर चले जाएंगे राजगढ़ के सभी सफाईकर्मी, कलेक्टोरेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन



**राजगढ़।** नगर पालिका की माली हालत बहुत दयनीय चल रही है। आलम यह है की नियमित सहित संविदा एवं मस्टर पर कार्यरत स्वच्छताकर्मियों को वेतन, पगार के लिए दो से तीन माह तक इंतजार करना पड़ रहा है। इस कारण आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे राजगढ़ नपा के तहत कार्यरत सफाईकर्मियों ने सोमवार 12 दिसंबर से सामूहिक हड़ताल पर जाने की चेतवानी दी है।

इस संबंध में सभी कर्मचारियों ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर अपनी उक्त सहित अन्य मांग का ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख है की तीन-तीन महीनों तक पगार नहीं मिलने से कर्मचारियों को घर चलाने में खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ कर्मचारी बिजली का बिल नहीं भर पाए, इस वजह से उनके घर की बिजली काट दी गई है तो जिन कर्मचारियों ने लोन ले रखा है वे किश्तें समय पर जमा नहीं कर पाने से बैंक के डिफाल्टर होते जा रहे हैं। इसके साथ ही घर-गृहस्थी से जुड़ी अन्य जरुरते पूरी करने उन्हे दुकानों से सामान उधार लेना पड़ रहा है। दो महीने से दुकानदारों ने सामान देने से मना कर दिया क्योंकि वे पुराना बाकी ही नहीं चुका पाए हैं। ज्ञापन आगे उल्लेख है की उन्हें यदि अभी तक का बकाया भुगतान नहीं मिलता तो सोमवार से सभी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

#### हर महीने 5 तारीख तक दिया जाए वेतन

ज्ञापन में यह भी उल्लेख है की सिर्फ अभी की बात नहीं है बल्कि उनकी प्रमुख मांग यह भी है की सभी कर्मचारियों को हर महीने की 5 तारीख तक उनकी पगार, वेतन दे दिया जाए। लगातार आर्थिक संकटों से जूझने के चलते हम हड़ताल पर जाने को मजबूर हैं।

---

## गुर्जर मोहल्ला वार्ड 5 में सीसी रोड निर्माण शुरू



**जीरापुर।** नगर की वार्ड क्रमांक 5 की मुख्य रोड की समस्या कई दिनों से लंबित थी , इस समस्या की लेकर नगरवासियों की मांग को नगर परिषद ने अपने संज्ञान में लाते हुए , सीमेंट कांक्रीट निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जो वार्ड क्रमांक 5 गुर्जर मोहल्ला में होगा सीमेंट कांक्रीट निर्माण कार्य 30 लाख रुपए की लागत से किया जा रहा है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, सीएमओ हरिओम शर्मा उपयंत्री ब्रजेश उपाध्याय ने निरीक्षण किया। जहां पर उन्होंने निर्माण कार्य देखा परिषद ने बताया कि यह रोड गुर्जर मोहल्ले से लेकर भावसार मोहल्ला से होकर गणेश मंदिर चोपड़ा बाजार तथा 20 लाख की लागत से भावसार कुंडी से श्मशान घाट वार्ड 9 बढ़ वाली गली तक भी निर्माण किया जाएगा। इसमें गुर्जर मोहल्ले का निर्माण कार्य प्रारंभ होकर तोलाराम जी की दुकान से भावसार मंदिर तक लागत 30 लाख रुपए में होगा। निरीक्षण के दौरान पार्षद हेमन्त जोशी , शिव मंडलोई , मुकेश पुष्पद टेक्सी , कमल झावा एवं अन्य नागरिक भी मोजूद रहें। जहां पर सीएमओ हरीओम शर्मा ने कहा कि यदि निर्माण कार्य में गुणवत्ता कि कमी हो तो मुझे फोन पर अवगत करावे ताकि घटिया निर्माण से बचा जा सके।

---

## छुरी मारने वाले दोषी को 1 साल का कारावास

**घर पर शराब पिलाने के बाद किया था हमला।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

अपर सत्र न्यायाधीश आनंद गौतम ने एक गंभीर आपराधिक मामले में आरोपी दीपू उर्फ दीपचंद आदिवासी को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने आरोपी को एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं 200 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अपर लोक अभियोजक राघवेन्द्र सिंह दांगी ने बताया कि घटना 29 सितंबर 2018 को फरियादी जित्तू उर्फ जितेंद्र ने थाना कुरवाई में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रात करीब 10 बजे आरोपी ने उसे अपने घर बुलाकर शराब पिलाई।

शराब पीने के दौरान विवाद होने पर आरोपी दीपू उर्फ दीपचंद ने छुरी से हमला कर दिया, जिससे फरियादी के कान में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा।

---

### अक्षत वितरण कर लिया गया जन सहयोग

## हिंदू सम्मेलन की तैयारी में घर-घर जनसंपर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



आगामी 22 जनवरी को सारंगपुर में आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर समाजजनों द्वारा नगर में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में महाकाल बस्ती सहित विभिन्न वार्डों में घरदृघर जाकर अक्षत वितरण कर नागरिकों को सम्मेलन में शामिल होने का आमंत्रण दिया गया तथा जन सहयोग भी प्राप्त किया गया। इस अभियान के दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भेरूलाल पुष्पद, जुगल किशोर दुबे, मनीष चैरसिया, सुशील व्यास, महेश पाटीदार, सतीश राठौर एवं अनिल जैन ने नागरिकों से संवाद कर सम्मेलन की महत्ता बताते हुए सहयोग का आह्वान किया। वही महाकाल बस्ती में बस्ती प्रमुख वैभव जैन, उज्जवल शर्मा, गोविंद राठौर, सत्यम शर्मा सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्ति एवं स्वयंसेवक बंधु उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर घरदृघर जाकर लोगों को आमंत्रण पत्र एवं अक्षत प्रदान किए और अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में सहभागिता का आग्रह किया। आयोजकों ने बताया कि यह सम्मेलन सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रभक्ति के मूल्यों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसमें नगर के सभी समाजजनों से सहभागिता की अपील की गई है।

---

## दिसंबर माह में विभिन्न विभागों से 26 लोक सेवक रिटायर्ड, किया सम्मानित

### सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को प्रदान किए गए पीपीओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़



जिले के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को अपनी पेंशन, ग्रेज्युटी, भविष्य निधि सहित अन्य भुगतानों के लिए लंबा इंतेजार नहीं करना पड़ रहा है। जिला प्रशासन ने रिटायर्ड कर्मचारियों के लिए प्रभावी और संवेदनशील व्यवस्था बनाई है जिसके तहत उन्हें सेवानिवृत्ति के कुछ ही दिनों में पीपीओ प्रदान किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गत दिसंबर माह में जिले के विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हुए 26 अधिकारियों, कर्मचारियों के लिए कलेक्टोरेट सभागार में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान सभी रिटायर्ड लोकसेवकों को पीपीओ प्रदान करते हुए प्रशासन उन्हें सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी गई।

#### दिसंबर में ये कर्मचारी हुए हैं सेवानिवृत्त

माह दिसम्बर 2025 में सेवानिवृत्त हुए अधिकारी, कर्मचारियों में आत्माराम सुतार, जगमोहन गुप्ता, शीला शर्मा, सुधीर जैन, राधेश्याम गुर्जर, ललित विश्वकर्मा, निशा सक्सेना, अशोक कुमार पंचोली, कृष्णा गुरगेला, दरियाव सिंह परमार, कृष्ण वल्लभ सक्सेना, राधेश्याम संगवालिया, अफसाना, ओमप्रकाश गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता, विनोद चैधरी, अरूणा त्रिपाठी, राधेश्याम जाट, अवधेश, बाबूलाल चैहान, ओमप्रकाश वर्मा, सोरम बाई, जाकिर हुसैन, बाबूलाल, गिरीश चन्द्र शर्मा, गोविन्द सिंह चौहान, हेमन्त दवे, नरेन्द्र कुमार व्यास, राजेन्द्र कुमार शर्मा एवं अनिता बंसल शामिल हैं। उक्त में चार कर्मचारी ऐसे हैं जो नवंबर में रिटायर्ड हुए थे लेकिन किसी कारणवश उनको सम्मानित नहीं किया जा सका था।

---

### राज्यमंत्री सहित कई गणमान्य लोग हुए आयोजन में शामिल

## श्रृंखला से पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा





नगर में नगर की समस्त शैक्षणिक संस्थानों द्वारा पर्यावरण जागरण की पहल के अंतर्गत आयोजित विशाल मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया उक्त आयोजन का शुभारंभ वैष्णो देवी मंदिर से हुआ जिसमें भारत माता ,भगत सिंह और सुभाष चंद्र बोस की रथयुक्त झांकी बनाई गई। भारत माता का पूजन मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार ने तिलक चंदन माला के साथ पूजन किया । तत्पश्चात नगर के समस्त शैक्षिक संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा वैष्णो देवी मंदिर से लेकर अहिंसा द्वारा तक बनाई गई मानव श्रृंखला में हजारों छात्र-छात्राए एक दूसरे का हाथ पकड़ कर मानव श्रृंखला बनाकर पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध दिखाई दिये । मुख्य आकर्षण का केंद्र घोष रहा जिसका शानदार प्रदर्शन विवेकानंद विद्या विहार के बच्चों ने किया। की नगर के गणमान्य नागरिकों ने भारत माता की झांकी पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। अंत में समापन अहिंसा द्वार पर भारत माता की आरती के आयोजन के साथ हुआ और समस्त छात्र-छात्राओं और उपस्थित जन सामान्य को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई इस अवसर पर राज्य मंत्री नारायण सिंह पवार ने समस्त विद्यार्थियों और संस्था संचालक और शैक्षणिक संस्थाओं को जागरूकता हेतु सभी को संबोधित किया। इस अवसर पर नगर की 20 विद्यालय और 15 कोचिंग संस्थानों के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार , नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह,अमित शर्मा ,इंदरसिंह लववंशी , दीपकमल शर्मा विश्व हिंदू परिषद विभाग मंत्री अशोक गुप्ता ब्यावरा ब्लॉक शिक्षा अधिकारी,दिलीप शर्मा बीआरसी शिक्षा विभाग दुबे सहित, प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष हरिओम दांगी, कार्यक्रम संयोजक डा मुकेश मारू, डा कमल आलोक प्रसाद, जतिन गुप्ता अंकित गुप्ता ,आर एस राजपूत ,एम एल लववंशी, देवराज पंवार, अशोक दुबे , शिवम चंद्रवंशी, संजय सक्सेना , धर्मेंद्र सक्सेना प्राइवेट कोचिंग एसोसिएशन से सत्येंद्र सेंगर , प्रदीप शिवहरे अशोक साहू ,राम दांगी ,नितेश गौर, दीपक विश्वकर्मा प्रवीण सी सिंह राजपूत नगर के समस्त छात्र-छात्राऔ ने सहभागिता की। यह प्रेरक आयोजन पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने एवं भावी पीढ़ी को प्रकृति के प्रति जिम्मेदार बनाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। आइए, हम सभी मिलकर स्वच्छ, हरित और सुरक्षित भविष्य के निर्माण का संकल्प लें। कार्यक्रम का संचालन एम एल लववंशी ने किया । मानव श्रृंखला में शामिल नगर की समस्त स्कूल और कौचिंग संस्था संचालकों और समस्त छात्र-छात्राओं और उपस्थित जनसमुदाय का आभार डा.मुकेश मारू ने माना।

## खबर संक्षेप

### सूर्य नमस्कार का सामूहिक अभ्यास कल

**जावर।** सांदीपनि विद्यालय में स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस युवा दिवस, 12 जनवरी के अवसर पर पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी सामूहिक सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए योग प्रभारी अकबर सिद्दीकी ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन के महती आयोजन में सूर्य नमस्कार शामिल है। जो विद्यार्थियों, युवाओं व्यक्तित्व बौद्धिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसीलिए युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस के उपलक्ष में मनाया जाता है। सूर्य नमस्कार की 12 क्रियाओ में प्रार्थना मुद्रा से प्रारंभ होकर हस्त उत्तानासन, हस्तपादासन, अश्व सांचननासन, पर्वतासन, अष्टांग नमस्कार, भुजंगासन, पर्वतासन, अश्व सांचननासन, पादहस्तासन, हस्त उत्तानासन तथा अंत में प्रार्थना मुद्रा पर समापन किया जाएगा।

### छात्राओं को दिया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

**आष्टा।** समग्र शिक्षा के तहत शासन द्वारा चलाई जा रही योजना रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आष्टा में शाला की समस्त छात्रों को तीन माह आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के उपरांत येलो बेल्ट सर्टिफिकेट परीक्षा में छात्राए सम्मिलित हुई। जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी सलोनी शर्मा, विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक अजब सिंह राजपूत के द्वारा छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर देवी सिंह मालवीय, जयप्रकाश नागलिया रीना लाल रमेश चंद्र मेवाड़ा पूर्व प्राचार्य सहित अन्य उपस्थित थे।

### इंदिरा कॉलोनी के मुख्य मार्ग पर स्थित कचरे के ढेर को किया खत्म

# स्वच्छता अभियान: दशकों पुराने कचरे के ढेर को हटाकर क्षेत्र को किया कचरा मुक्त

अभियान के दौरान डोर-टू-डोर जाकर नागरिकों से किया संवाद।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर पालिका परिषद आष्टा में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत सराहनीय पहल करते हुए दशकों पुराने कचरे के ढेर को पूर्णतः हटाकर क्षेत्र को कचरा मुक्त किया गया। यह अभियान नगर पालिका अध्यक्ष हेम कुंवर राय सिंह मेवाड़ा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद कुमार प्रजापति के मार्गदर्शन में, वार्ड पार्षद तेजसिंह राठौर एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक विनोद सांगते की निगरानी में संपन्न हुआ। वार्ड दरोगा जितेंद्र सिंगन के नेतृत्व में नगर पालिका की सहयोगी संस्था यूनिक वेस्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट प्राइवेट लिमिटेड, उज्जैन द्वारा सफाई मित्रों के सहयोग से वार्ड क्रमांक 15 इंदिरा नगर तथा शहर से लगे ग्राम बमुलिया, भाटी, चंखल आदि ग्रामों के मुख्य मार्ग पर वर्षों से जमा कचरे के ढेर को जन-जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से हटाया गया।अभियान के दौरान वार्ड पार्षद तेज सिंह राठौर ने डोर-टू-डोर जाकर नागरिकों से संवाद किया और अपील की कि घर से निकलने वाले कचरे को गीला एवं सूखा अलग-अलग रखकर कचरा वाहन में ही डालें तथा इस स्थान को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें। इस अवसर पर सहयोगी संस्था के प्रतिनिधि राजकुमार अकेला एवं विनय सिंह भी उपस्थित रहे। सफाई उपरांत क्षेत्रवासियों एवं वार्ड निवासियों में विशेष उत्साह देखा गया। जहां पूर्व में कचरे का अंबार था, वहां स्वच्छता स्लोगन लिखे गए, स्वच्छ आष्टा – स्वस्थ आष्टा" का संदेश दिया गया तथा गांधीजी के चश्मे का प्रतीक चिन्ह बनाकर स्वच्छ भारत अभियान का लोगो प्रदर्शित किया गया। साथ ही कचरा फैलाने पर 500 जुर्माने के प्रावधान की जानकारी भी अंकित की गई। कार्यक्रम के अंत में लगभग 50 नागरिकों, युवाओं एवं मातृशक्ति ने सामूहिक रूप से स्वच्छता बनाए रखने की शपथ ली। नगर पालिका द्वारा की गई इस पहल की क्षेत्र में सराहना की जा रही है और इसे स्वच्छता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया।







# बाल संरक्षण और जन जागरूकता रैली निकाली

### विद्यार्थियों को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

शासकीय महाविद्यालय जावर की भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने सेवा सप्ताह अंतर्गत युवा दिवस के उपलक्ष में 9 जनवरी एवं 10 जनवरी को जन जागरूकता रैली का आयोजन किया। इसके अंतर्गत महाविद्यालय के स्टॉफ एवं विद्यार्थियों ने महाविद्यालय से रैली निकालकर ग्वालि रोड, कबीर आश्रम के पास झूग्गी झोपड़ी में रहने वाले निवासी एवं बच्चो को साफ -सफाई , बाल सरंक्षण, शिक्षा एवं पर्यावरण के बारे में जागरूक किया। जागरूकता कार्यक्रम के बाद उपस्थित बच्चो को कॉपी, स्केल और चाककलेट आदि वितरित किए।

रेड क्रॉस सोसाइटी प्रभारी राकेश कुमार सोलंकी ने निवासियों को बच्चो को शिक्षा दिलवाने हेतू प्रेरित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ विजय कुमार यादव,समाज शास्त्र की फैकल्टी डॉ शर्मिला गाँगले, क्रीड़ा अधिकारी नीतू परवाल, इतिहास के सहायक प्राध्यापक भीमसेन मालवीय एवं कई विद्यार्थी उपस्थित थे।

### विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने निकाली वाहन रैली



**जावर।** हिंदू सम्मेलन से पूर्व जावर नगर में वाहन रैली निकाली गई जो मंडी प्रांगण अन्नपूर्णा मंदिर से प्रारंभ होकर जावर नगर भ्रमण करते हुए श्री राम मंदिर जावर में संपन्न हुई। जावर नगर में कई जगह वाहन रैली का फूलों से स्वागत किया गया। अंत में वाहन रैली को विभाग सह संघ संचालक बाबू सिंह ठाकुर एवं विश्व हिंदू परिषद के जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज ठाकुर ने संबोधित किया। ठाकुर ने अपने संबोधन में 11 तारीख को होने वाले हिंदू सम्मेलन को विशाल एवं समरसता के साथ सभी जातियों के लोग एक ही जगह स्नेह भोज करें एवं जात-पात की करो विदाई की भावना के साथ संबोधित किया। वाहन रैली प्रभारी विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर ने सभी का आभार माना एवं उक्त जानकारी दी।

# शिक्षक अच्छी शिक्षा देकर विद्यार्थियों को चढ़ा सकते हैं सफलता की सीढ़ी : नरेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के सांदीपनि विद्यालय आष्टा में विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। जिसमें नवनियुक्त डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित नरेंद्र राजपूत को आमंत्रित किया। वर्तमान में ये मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत शुजालपुर में पदस्थ है। संस्था के प्राचार्य सितवत खान व शिक्षक अंत्येश धारवा ने राजपूत का स्वागत किया। नरेंद्र राजपूत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक ही वह कड़ी है जो आपको सफलता की सीढ़ी चढ़ा सकते हैं। माता-पिता एवं शिक्षकों के सहयोग के बिना आप सफलता प्राप्त नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय जीवन में शिक्षकों के द्वारा दिया गया ज्ञान, अनुशासन एवं संस्कार ही हमें हमारी मंजिल तक पहुंचाते हैं। उन्होंने अपनी परीक्षा की तैयारी किस प्रकार की और उसमें क्या-क्या कठिनाइयां आती हैं, किस तरह के प्रश्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पूछे जाते हैं आदि अनुभव विद्यार्थियों से साझा किए। सांदीपनि विद्यालय आष्टा के संबंध में भी उन्होंने बताया कि मैंने अपने अध्ययन में इस विद्यालय के बारे में भी जाना कि यह मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा विद्यालय है जिसमें लगभग 4000 विद्यार्थी अध्यनरत हैं और न सिर्फ संख्यात्मक दृष्टि से बल्कि गुणात्मक दृष्टि से भी विद्यालय अग्रणी है। संस्था के प्राचार्य सितवत खान ने कहा कि सफलता एक दिन में नहीं मिलती है परंतु एक दिन अवश्य मिलती है इसलिए कठिन परिश्रम करते हुए अपने माता-पिता एवं शिक्षकों के निर्देशानुसार अध्ययन करें। प्राचार्य ने आगे कहा कि नरेन्द्र सिंह राजपूत आष्टा क्षेत्र के लिए सफलता की मिसाल है। डिप्टी कलेक्टर तक के सफर के लिए इनकों कई बार असफलता का सामना करना पड़ा किन्तु वो हताश नही हुए बल्कि और अधिक उत्साह के साथ परीक्षा की अच्छी तैयारी करी और अंततः लक्ष्य प्राप्त कर लिया।

विद्यालय के विद्यार्थी अकादमिक के साथ ही खेलकूद, सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं वैज्ञानिक क्षेत्र में भी सफलता प्राप्त कर रहे है। सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य सितवत खान ने बताया कि शासन निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस युवा दिवस के उपलक्ष्य में 12 जनवरी को सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम एवं रन फॉर स्वदेशी (रैली) का आयोजन सांदीपनि विद्यालय में प्रातः 09 बजे किया जाएंगा। कार्यक्रम में विधायक, अन्य जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी, वरिष्ठ एवं गणमान्य नागरिक और छात्र-छात्राएं व शिक्षक सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम में असमा खानम, अंत्येश धारवां, पवन राया, निहायत मंसूरी, रघुवीर सिंह, जितेन्द्र धनवाल, भूपेन्द्र सिंह, जितेन्द्र मेवाड़े, नवीन मौर्य, मोनिका जैन, नेहा अंसारी, मनोज कुमार करमोदिया, डॉ. दीक्षा खंडेलवाल, मो. इमरान, अभिलाषा श्रीवादी, राम सिंह, तेजपाल सिंह, वीरेन्द्र सिंह, हरिनारायण सिंह, आशा रावत, जसपाल सिंह, राजेन्द्र मौर्य, पल्लवी वर्मा, पूजा असाड़े, कृतिका वर्मा, नीता जैन, रामेश्वर दामड़यिा, निर्मलदास बैरागी, जितेन्द्र कुमार, हेमंत मेवाड़ा, गौरीशंकर मालवीय, दिनेश गहरवाल, धीरज शर्मा, राजेश मालवीय, मनोज बड़ोदिया, विजय मंगल बगाना, निकिता शर्मा, डी.एस. मांडवा, कमलेश कुमार वर्मा, मुकुंद सिंह बरोड़यिा, ज्ञान सिंह मेवाड़ा, राजेश राठौर, आशीष विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

# सुखमय और शांत जीवन के लिए घर-परिवार और संसार के झंझटों से ऊपर उठना आवश्यक : मुनिश्री विश्वसूर्य सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजमान मुनिश्री विश्वसूर्य सागर मुनिराज ने श्रद्धालुओं को आशीष वचन प्रदान करते हुए आत्मकल्याण, आत्मशांति और सद्बुद्धि के मार्ग का गूढ़ विवेचन किया। मुनिराज ने कहा कि हे प्रभु, अल्पज्ञानियों को ज्ञान का दान प्राप्त हो, प्रत्येक आत्मा को सदबुद्धि मिले और सभी जीवों पर प्रभु की कृपा दृष्टि बनी रहे,यही सच्ची साधना और कामना है।

मुनिराज ने कहा कि पूर्व भव में अर्जित पुण्य ही इस भव में मानव जीवन को दिशा देते हैं। सुखमय और शांत जीवन के लिए घर-परिवार और संसार के झंझटों से ऊपर उठना आवश्यक है, क्योंकि इन्हीं झंझटों के कारण मनुष्य अशांति और पीड़ा का अनुभव करता है। जब व्यक्ति दूसरों को शांति देने का भाव बनाता है, तब उसे स्वतः ही आत्मशांति की अनुभूति होने लगती है।उन्होंने कहा कि आज विश्व शांति की बातें तो बहुत की जाती हैं,लेकिन चारों ओर अशांति ही दिखाई देती है। प्रत्येक व्यक्ति शांति चाहता है, किंतु शांति प्राप्त करने के लिए आत्मचिंतन और साधना की गहराई में जाना पड़ता है। आत्मशांति ऊपर या बाहर नहीं है, वह आपके भीतर है, किंतु वहां तक हमारी दृष्टि नहीं पहुंच पा रही है। जिससे सुख और शांति प्राप्त हो सकती है, उसी से आप दूर होते जा रहे हैं।मुनिराज ने दृष्टांत देते हुए कहा कि जैसे दूध को मथने से मक्खन प्राप्त होता है, पानी को मथने से नहीं, उसी प्रकार आत्मशांति भी केवल आत्मस्वभाव में पुरुषार्थ करने से ही प्राप्त होती है। इंद्रिय सुख क्षणिक होते हैं, उनमें जरा-सा दुख आने पर व्यक्ति व्याकुल हो उठता है। शांति सभी जीवों को सहज रूप से प्राप्त नहीं होती, क्योंकि व्यक्ति अपने स्वभाव में नहीं, बल्कि विभाव और मोह में उलझा रहता है।

उन्होंने कहा कि समस्त प्राणी जगत के प्रति मैत्री, समता और करुणा का भाव रखें। मोह, राग और कषाय में फंसे रहने से आत्मकल्याण संभव नहीं है। जब मोह का क्षय होता है, तभी आत्मोन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है। विवेकवान व्यक्ति कभी भी गलत कार्यों में प्रवृत्त नहीं होता। मन में ग्लानि और आत्ममंथन से ही श्रेष्ठ भावों का उदय होता है और सत्कर्म की प्रेरणा मिलती है।मुनिश्री विश्वसूर्य सागर मुनिराज ने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि प्रातःकाल की बेला में मंगल भावना भाएं और जब भी मंदिर जाएं, तो प्रभु के चरणों में समर्पण भाव लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यवश आज मंदिरों में भी प्रभु आराधना से अधिक सांसारिक चर्चाएं होती हैं, जो साधना के मार्ग में बाधक हैं। अंत में मुनिराज ने कहा कि हे ज्ञानियों, सुख की गंगा तुम्हारे भीतर प्रवाहित हो रही है, लेकिन तुम उसे बाहर खोज रहे हो। यदि मनुष्य अपनी दृष्टि अंतर्मुखी कर ले, तो उसे सच्चा सुख, शांति और आत्मकल्याण प्राप्त हो सकता है।

### महामंगलकारी मंत्र ध्यान आज

रविवार को दोपहर 2 बजे श्री किला मंदिर पर पूज्य गुरूवर द्वय के पावन सानिध्य व निर्देशन में श्री ऋषभदेव भगवान के दिव्य जिनालय में महामंगलकारी सकारात्मक ऊर्जा देने वाले महामंत्रों के साथ लाभ, अमृत योग में जाप्य - अनुष्ठान आयोजित किया है। साधर्मी जन एक घी का दीपक व जाप माला स्वयं साथ लेकर आएं।

### रोलागाव बीट फाटा पर दो दिवसीय अनुभूति यूको कैंप का किया आयोजन

# छात्र-छात्राओं को पर्यावरण वन संपदा के बारे में दी जानकारी





हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

शुक्रवार को वन परिक्षेत्र अधिकारी नवनीत झा के मार्गदर्शन में व्रत रोलागाव बीट फाटा पर दो दिवसीय अनुभूति यूको कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं को पर्यावरण वन संपदा के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डीएफओ रेंजर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सहित वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे वन विभाग द्वारा आयोजित अनुभूति कार्यक्रम में डिप्टी रेंजर कुमेर सिंह चौहान,वनरक्षक कपिल यादव, बहादुर सिंह ठाकुर, दीपेश राठौर ने छात्र-छात्राओं को वन क्षेत्र में भ्रमण कराया और पर्यावरण के प्रति जागरूक किया। साथ ही वन संपदा के बारे में शिक्षा प्रदान की। कार्यक्रम में डीएफओ अर्चना पटेल ने कहा कि हमें पर्यावरण बचाना है।

पेड़ पौधे रहेंगे तो हमें ऑक्सीजन मिलेगी। हर व्यक्ति को पेड़-पौधे लगाना चाहिए और जंगलों की रक्षा करना चाहिए। वन विभाग अनुभूति कार्यक्रम कैंप लगाकर स्कूली छात्र-छात्राओं को वनों और वन प्राणियों के बारे में जागरुक कर रहे हैं कि हमारे लिए पेड़ पौधे कितने आवश्यक हैं। वही आष्टा रेंजर नवनीत झा ने अनुभूति कैंप मैं कहा कि 2013 से मध्य प्रदेश शासन वन क्षेत्र में अनुभूति कैंप आयोजित कर छात्र-छात्राओं और लोगों को जागरुक कर रहा है। जिसे करीब 13 साल हो गए हैं। कैंप का उद्देश्य पेड़ पौधों वन संपदा की रक्षा करना है। प्रत्येक कैंप में पेड़ पौधों की रक्षा किस प्रकार करना है और उसके महत्व के बारे में जागरुक करते हैं। वही मास्टर ट्रेनर हरिश्चंद्र आर्य ने स्कूली छात्र-छात्राओं को वन संपदा वन्य प्राणी आदि से संबंधित सामान्य ज्ञान की जानकारियां दी।

वन भ्रमण के दौरान बच्चों ने अधिकारियों से प्रश्न पूछे जिसका उत्तर अधिकारियों ने दिया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम में रोलागाव, खामखेड़ा, खाचरोद स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर डीएफओ अर्चना पटेल, रेंजर नवनीत झा, डिप्टी रेंजर शैलेंद्र सिंह, कुमेर सिंह चौहान, रमेश चंद्र गहरवाल, रंजना भालेकर, वनरक्षक कपिल यादव, बहादुर सिंह ठाकुर, जितेंद्र सिंह ठाकुर, दीपेश राठौर, हुकंप परमार, राहुल परमार, सावित्री मरकाम, प्रदीप मलोटिया, पंकज वर्मा, सरपंच डॉक्टर इदरीश खान, जसुपुरा बड़खोला सरपंच रमेश चंद्र, रोलागांव सरपंच धर्मेंद्र धनगर पूर्व सरपंच बोदर सिंह मालवी, रोलागांव हाई स्कूल प्राचार्य महेश वर्मा, खामखेड़ा स्कूल प्राचार्य कल्याण सिंह ठाकुर, कुमेर सिंह ठाकुर, राजेंद्र शर्मा, विनोद धरवा, स्थाई कर्मी ओमप्रकाश मेवाडा, भैरव सिंह, नरपत सिंह व समस्त वन विभाग के कर्मचारी, स्कूलों के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# शासकीय महाविद्यालय में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने लगाया शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद

शासकीय महाविद्यालय जावर में शनिवार को विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिन विद्यार्थियों की आयु 01 जनवरी को 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है और जिनका नाम मतदाता सूची में नही जुड़ा है। ऐसे पात्र विद्यार्थियों का मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया पूरी की गयी। मतदाता सूची शिविर में 15 विद्यार्थियों के मतदाता सूची में नाम जोड़ने का फार्म तकनीकी सहायक प्रदीप गहलोत द्वारा भरा गया। मतदाता सूची शिविर कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र कुमार शुक्ल ने की।

इस कार्यक्रम में तहसीलदार ओम प्रकाश चोरमा ने वोट के अधिकार के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया। इस अवसर पर मतदाता जागरूकता नोडल अधिकारी डॉ विजय कुमार यादव, डॉ सुमन भदौरिया, डॉ शर्मिला गांगले, नीतू परवाल, प्रीति कुशवाहा, राकेश सोलंकी, भीमसेन मालवीय, पुलकित शर्मा, जितेंद्र ठाकुर एवं महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे।